BSES
BSES Yamuna Power Limited
...a joint venture with GONCTD

SYNERGY

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर अपने सभी 14 लाख उपभोक्ताओं को बीवाईपीएल की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं

अगस्त, 2014

क्यों होती है बिजली गुल!

बीवाईपीएल अपने 14 लाख ग्राहकों को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्व है। लेकिन, कुछ कारणों की वजह से हमारे प्रयास बाधित होते हैं, जिनमें से कुछ हमारे नियंत्रण में नहीं हैं। ये निम्नलिखित हैं–

(1) ग्रिड में लो फ्रिकेवेंसी (2) बिजली उत्पादन इकाइयों में उपकरणों का ब्रेकडाउन (3) ईंधन की कमी यानी फ़्यूल शॉर्टेज की वजह से उत्पादन में कमी (4) ट्रांसमिशन लाइनों और उपकरणों में क्षमता संबंधी बाधाएं व ब्रेकडाउन (5) बिजली चोरी की वजह से बिजली वितरण सिस्टम में ट्रिपिंग व खराबी (6) अवैध व अनाधिकृत कब्जों की वजह से वितरण स्तर पर ब्रेकडाउन होना (7) लोकल फॉल्ट्स और (8) सिस्टम में सुधार हेतु, मरम्मत व रख–रखाव कार्यों के लिए योजनाबद्घ तरीके से शटडाउन।

बीएसईएस अनाधिकृत निर्माण करने वाले लोगों से अपील करती है कि वे बिजली नेटवर्क और मेन्स के पास से सभी गैर कानूनी व अनाधिकृत निर्माण हटा लें।

आपकी सेवा में चौबीसों घंटे

बिजली आपूर्ति संबंधी कोई दिक्कत हो, तो आप हम तक दिन और रात इन माध्यमों से पहुंच सकते हैं:

कॉल करें 24x7 **399 99 808**

एसएमएस टाइप करें बीएसईएसवाईपी, स्पेस दें, एनसी लिखें, स्पेस दें, नौ अंकों वाला सीए नंबर टाइप करें और **5-61-61-08** पर भेज दें

मॉनसून में आपके लिए सलाह

बारिश के दिनों में बिजली संबंधी किसी भी दुर्घटना से बचने के लिए बीवाईपीएल अपने सभी उपभोक्ताओं से अनुरोध करती है कि वे निम्नलिखित सुरक्षा टिप्स/उपायों पर अमल करें:

- बिजली के पोल, ट्रांसफॉर्मरों, सब–स्टेशनों और स्ट्रीटलाइटों से दूर रहें।
- अपने बच्चों को बताएं कि बिजली के उपकरणों/इंस्टलेशंस के इर्द–गिर्द न खेलें, चाहे वहां जालियां ही क्यों न लगी हों।
- गीले हाथों से बिजली से चलने वाले उपकरणों को ना छुएं।
- एक टेस्टर घर में रखें। यदि आपके घर की कोई दीवार या स्विच गीला है, तो उसे ना छुएं।

दिन में 2 से 4 बजे और रात में 9 बजे से मध्यरात्रि तक, पीक आवर्स के दौरान अत्यधिक बिजली खपत करने वाले उपकरणों का उपयोग करने से बचें। सुरक्षा कारणों से, उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि अपने बिजली मीटर को घर से बाहर किसी आसान पहुंच वाली व कॉमन जगह पर लगवाएं। मीटर को शिफ्ट करवाने के लिए 399 99 808 पर फोन करें और 3 दबाएं।

आपकी सेवा में
24 X 7
कॉल करें 399 99 808

अपने फीडबैक व सुझाव भेजें: कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस
बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय: शक्ति किरण बिल्डिंग, कड़कड़डूमा, दिल्ली–110032
सीआईएन: U74899DL2001PLC111525
फोन: 011 399 99 808
वेबसाइट: www.bsesdelhi.com

बीवाईपीएल, शक्ति किरण बिल्डिंग, कड़कड़डूमा, दिल्ली–32 के लिए, फ्रेंड्स कलर इमेजेस प्राइवेट लिमिटेड, 148, सेक्टर 4, आईएमटी मानेसर, गुड़गांव, हरियाणा– 122050 द्वारा मुद्रित